राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

संख्या–96/2023

राज्यपाल ने शहीद जुब्बा सहनी की पुण्य तिथि <u>के अवसर पर उन्हें नमन किया</u>

पटना, 11 मार्च, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शहीद जुब्बा सहनी की पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में मोईनुल हक स्टेडियम, राजेन्द्र नगर के दक्षिण पश्चिम कोण पर अवस्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, विभिन्न मंत्रीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी शहीद जुब्बा सहनी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन एवं गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

....